FIDE ग्रैंड स्विस ओपन, 2023

[स्रोत: पी.आई.बी](#)

विदित संतोष गुजराती (FIDE पुरुष ग्रैंड स्विस) तथा **वैशाली रमेश बाबू (FIDE महिला ग्रैंड स्विस)** ने FIDE ग्रैंड स्विस ओपन में जीत प्राप्त की, साथ ही विश्व शतरंज चैंपियन को चुनौती देने के अवसर के रूप में **वर्ष 2024 में आयोजित होने वाले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये प्रतिष्ठित स्थान अर्जित किया,** जिसका जश्न पूरा देश मना रहा है।

- **विश्व शतरंज चैम्पियनशिप- 2024,** अप्रैल 2024 में **टोरंटो, कनाडा** में आयोजित होने वाली है।

//

FIDE ग्रैंड स्विस ओपन क्या है?

- FIDE ग्रैंड स्विस ओपन एक शतरंज टूर्नामेंट है जो **विश्व चैम्पियनशिप चक्र के लिये योग्यता प्राप्त करने के एक भाग के रूप में** जानी जाती है।
- FIDE ग्रैंड स्विस और FIDE महिला ग्रैंड स्विस- 2023 विला मरीना, डगलस, आइल ऑफ मैन (एक ब्रिटिश द्वीप) में आयोजित किया गया था।
- ओपन इवेंट में शीर्ष दो खिलाड़ी **2024 कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये योग्यता प्राप्त करेंगे**, जो विश्व चैंपियन के लिये दावेदारी का निर्धारण करेगा।
  - कुल पुरस्कार राशि 600,000 अमेरिकी डॉलर है, जिसमें पुरुष ग्रैंड स्विस के लिये 460,000 अमेरिकी डॉलर और महिला ग्रैंड स्विस के लिये 140,000 अमेरिकी डॉलर निर्धारित हैं।
- पहला ग्रैंड स्विस वर्ष 2019 में आइल ऑफ मैन में आयोजित किया गया था।

अंतर्राष्ट्रीय शतरंज संघ (FIDE):

- अंतर्राष्ट्रीय शतरंज महासंघ (FIDE) शतरंज के खेल का शासी निकाय है और यह सभी अंतर्राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताओं को नियंत्रित करता है।
  - यह एक गैर-सरकारी संस्थान के रूप में गठित है। यह विश्व शतरंज चैंपियनशिप का आयोजन करता है।
- इसे वर्ष 1999 में **अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति** द्वारा वैश्विक खेल संगठन के रूप में मान्यता दी गई थी।
- वर्तमान में FIDE का मुख्यालय **लॉज़ेन (स्विट्ज़रलैंड)** में है, लेकिन इसकी शुरुआत वर्ष 1924 में पेरिस में **"जेन्स ऊना समस" ("वी आर वन फैमिली" लैटिन में)** के आदर्श वाक्य के साथ की गई थी।
- यह फुटबॉल, क्रिकेट, तैराकी एवं ऑटो रेसिंग खेल के शासी निकायों के साथ-साथ महत्त्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय खेल संघों में से एक था। राष्ट्रीय शतरंज संघों के रूप में इसमें 199 सदस्य देश शामिल हैं जो वर्तमान में इसे सबसे बड़े संघों में से एक बनाता है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

??????????:

प्रश्न. 44वें शतरंज ओलंपियाड, 2022 के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:(2023)

1. यह पहली बार था, जब शतरंज ओलंपियाड भारत में आयोजित किया गया।
2. इसके अधिकृत शुभंकर को 'तंबि' नाम दिया गया था।
3. ओपेन सेक्शन में जीतने वाली टीम के लिये ट्रॉफी, वेरा मेंचिक कप होती है।
4. महिला विभाग (सेक्शन) में जीतने वाली टीम के लिये ट्रॉफी हैमिल्टन-रसेल कप होती है।

उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?

(a) केवल एक
(b) केवल दो
(c) केवल तीन
(d) सभी चार

उत्तर: b

व्याख्या:

- वर्ष 1927 में वेस्टमिंस्टर सेंट्रल हॉल, लंदन में आयोजित पहला आधिकारिक ओलंपियाड 'टूर्नामेंट ऑफ नेशंस' के रूप में जाना जाता है।**शतरंज ओलंपियाड का आयोजन पहली बार शतरंज की जन्मस्थली अर्थात् भारत में किया जा रहा है।** यह 3 दशकों के बाद **पहली बार एशिया में आयोजित हो रहा है।** पूर्व के आयोजनों की अपेक्षा इस बार भाग लेने वाले देशों एवं टीमों की संख्या सबसे अधिक है, साथ ही इसमें महिला वर्ग में प्रविष्टियों की संख्या भी सबसे अधिक है। **अतः कथन 1 सही है।**
- 44वें शतरंज ओलंपियाड का आधिकारिक शुभंकर **'तंबि (Thambi)' है। तमिल भाषा में 'तंबि' शब्द का अर्थ है - छोटा भाई। अतः कथन 2 सही है।**
- ओपन सेक्शन में विजेता टीम को हैमिल्टन-रसेल कप प्रदान किया जाता है, जिसे इंग्लिश मैग्नेट फ्रेडरिक हैमिल्टन-रसेल ने प्रथम ओलंपियाड (लंदन 1927) के लिये पुरस्कार के रूप में पेश किया था। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- विजेता महिला टीम की ट्रॉफी को पहली महिला **विश्व शतरंज चैंपियन** के सम्मान में **वेरा मेनचिक कप** के रूप में जाना जाता है। **अतः कथन 4 सही नहीं है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/fide-grand-swiss-open-2023